# बिहार सरकार

# वित्त (अंकेक्षण) विभाग

# बिहार पटना

**अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या :– 130/11–12**

**(1) परिचयात्मक :–**

**(क) अंकेक्षित लेखा का नाम** – जिला कल्याण कार्यालय,खगड़िया के अन्तर्गत अनुसूचित जाति जन जाति कल्याण लेखा

**(ख) अंकेक्षण का लेखावधि** – वर्ष 2008–09 से 2010–11 तक।

**(ग) प्रशासी विभाग का नाम** – कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

**(घ) अंकेक्षित अवधि के नियंत्री पदा0 का नाम, पदनाम एवं कार्यकाल –**

1 श्री वीरेन्द्र चौधरी उप निदेशक कल्याण मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर। दिनांक 1.4.2008 से 30.6.2009 तक ।

2 श्री मेघाराम दिवाकर– उप निदेशक कल्याण मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर– दिनांक 1.7.2009 से अद्यतन।

**(ड़) अंकेक्षित अवधि के लेखा प्रभारी पदाधिकारी एंव कर्मचारियों का नाम ,पदनाम एवं कार्यकाल** –

**(I) जिलाकल्याण पदाधिकारी :–**

1. श्री कामेश्वर शुक्ला दिनांक 1.4.08 से 26.7.08 तक
2. डा0 श्यामल किशोर पाठक– 27.7.08 से 17.2.08 तक
3. श्री प्रमोद कुमार – 18.2.09 से 23.11.09 तक
4. श्री श्याम सुन्दर दूबे – 24.11.09 से 25.8.09 तक
5. श्री राम चन्द्र झा – 26.8.09 से अद्यतन।

**(II) प्रधान लिपिक :–**

1. श्री विनोद कुमार विमल – 1.4.08 से 26.7.08 तक
2. श्री प्रकाश चन्द्र यादव – 27.7.08 से अद्यतन

**(III) रोकड़पाल :–** 1. श्री सच्चिदानन्द सिंह – दि0 1.4.08 से 8.8.08 तक

2. श्री विनोद कुमार विमल – 09.8.08 से अद्यतन

**(च) अंकेक्षण में सहयोग देनेवाले**
**पदा0/कर्म0 के नाम एंव पदनाम** –1. श्री रामचन्द्र झा प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी

2. श्री विनोद कुमार विमल– रोकड़पाल

**(छ) वरीय अंकेक्षको के नाम** – 1. श्री सत्य नारायण मंडल वरीय अंकेक्षक –1

2. श्री भोला नाथ मंडल वरीय अंकेक्षक– 2

3. श्री वीरेन्द्र प्रसाद यादव वरीय अंकेक्षक – 2

**(ज) अंकेक्षण प्रारंभण तिथि** – दि0 6.9.2011

**(झ) अंकेक्षण समापन तिथि** – दि0 21.1.2012

**(ञ) अंकेक्षण में व्यतीत कार्य दिवस** – 90 कार्य दिवस (सम्पूर्ण लेखा)

**(ट) अंकेक्षण में प्रस्तुत/अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–**

अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'क' संलग्न है।

**(2) अंकेक्षण का क्षेत्र –**

(1) अंकेक्षण का प्रकार – सामान्य अंकेक्षण ।

(2) वित्त (अंकेक्षण) विभाग का आदेश संख्या एवं तिथि – ज्ञाप सं0– 69 दि0 19.8.2011 एवं विभागीय ज्ञापांक 3286 दि0 15.9.60

(3) कार्यालय का कार्यक्षेत्र –

इस कार्यालय का प्रधान कार्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अतिपिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के शैक्षणिक विकास हेतु छात्रवृत्ति वितरण करना है। इसके अतिरिक्त कमजोर वर्ग के बच्चों को आर्थिक सहयोग प्रदान करना, विकलांगों को आर्थिक सहायता प्रदान करना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों

को कन्या विवाह हेतु आर्थिक मदद पहुँचाना आदि प्रमुख कार्य है। साथ ही कब्रिस्तान धेराबन्दी योजनाओं का कार्यान्वयन एवं अन्य छोटे– मोटे कार्य भी इस कार्यालय द्वारा सम्पादित किये गये थे। विभागीय निदेशानुसार कार्यालय स्थापना एवं अन्य मदों से संबंधित मुख्य अंकेक्षण प्रतिवेदन तथा पिछड़ी जाति छात्रवृत्ति लेखा से संबंधित अंकेक्षण प्रतिवेदन अलग–अलग समर्पित है, जबकि यह अंकेक्षण प्रतिवेदन मुख्य रूप से अनुसूचित जाति/जन जाति छात्रवृत्ति लेखा से संबंधित है। जबकि अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति हेतु इस कार्यालय को कोई आवंटन एवं व्यय नही पाया गया।

(4) वित्तीय स्त्रोत – इस कार्यालय एवं अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति मद का वित्तीय श्रोत एकमात्र सरकारी आवंटन पाया गया।

(5) कोषागार अभिलेख से सत्यापन की स्थिति :– जिला कोषागार कार्यालय खगड़िया के अभिलेखों से शत्– प्रतिशत् किया गया एवं सही पाया गया।

(6) महालेखाकार के पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन की स्थिति :– पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन एवं अनुपालन प्रतिवेदन अप्रस्तुत रहा।

(7) वित्त (अंकेक्षण) विभाग के पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन की स्थिति :– अंकेक्षण के मौखिक एवं लिखित अनुरोध के बाबजूद भी पूर्व का अंकेक्षण प्रतिवेदन एवं अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नही कराया जा सका। फलतः अनुपालन की समीक्षा नही की जा सकी।

**(3) वित्तीय समीक्षा :–**

(i) आवंटन की स्थिति में – क्या आवंटन से अधिक निकासी की गई है– नही (आवंटन एवं व्यय का विस्तृत विवरण द्रष्टव्य) व्ययोपरान्त आवंटन की शेष राशि प्रत्यार्पित कर दी गई थी।

(ii) अनुदान की स्थिति में – क्या अनुदान से अधिक राशि का व्यय किया गया था– नही।

(iii) प्राप्त अनुदान राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रशासी विभाग को प्रेषित किया गया था :–

अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति मद में सम्पूर्ण आय आवंटन के माध्यम से कोषागार से विपत्रों द्वारा निकासी कर व्यय किया गया था। अनुसूचित जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति तथा तकनीकि एवं प्रावैधिकी छात्रवृत्ति की राशि इस कार्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं की सूची के साथ एक मुस्त चेक संबंधित संस्थानो के प्रधानों को भेजी गई थी एवं व्यय रोकड़ पंजी में दर्ज की गई

थी। संबंधित संस्थानों के प्रधानों द्वारा छात्र/छात्राओं को राशि प्राप्त कराने संबंधी प्राप्ति रसीद का उपयोगिता प्रमाण–पत्र इस कार्यालय में अप्राप्त था। पुनः प्राथमिक विद्यालयों/मध्य विद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण हेतु संबंधित अनुमंडलों एवं प्रखंडो को एक मुस्त राशि चेक द्वारा स्वीकृत छात्र/छात्राओं के साथ भेज दी गई थी। अनुमंडलों एवं प्रखंड कार्यालयों द्वारा छात्र/छात्राओं को वितरित छात्रवृत्ति का विस्तृत उपयोगिता प्रमाण पत्र इस कार्यालय में अप्राप्त था, जिसका विस्तृत उल्लेख अलग से आगे की कंडिकाओं में किया गया है।

(iv) रोकड़ पंजी में संवरण शेष के नगद राशि का भौतिक सत्यापन की स्थिति :– अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति हेतु स्वतंत्र रूप से अलग से सहायक रोकड़ पुस्त का संधारण नही किया गया था और न ही अलग से बैंक लेखा ही रखा गया था, बल्कि सभी प्रकार की छात्रवृत्ति एवं कुछ अन्य मदों के लिए एक ही सहायक रोकड़ पुस्त एवं सम्मिलित रूप से बैंक लेखाओं से जमा एवं निकासी की गई थी। सामान्य रोकड़ पंजी के संवरण शेष की बैंकवार विवरणी मुख्य अंकेक्षण प्रतिवेदन (स्थापना एवं अन्य मदों से सम्बन्धित) में अलग से उल्लिखित है।

(4) अंकेक्षित कार्यालय के स्वीकृत/कार्यरत/रिक्त पदों का विवरण :– मुख्य अंकेक्षण प्रतिवेदन में उल्लिखित है।

## भाग–2

### (5) अवितरित छात्रवृत्ति की राशि रू0 235019.00 वापस प्राप्त कर जमा करने योग्य :–

प्रवेशिकोत्तर अनुसूचित छात्रवृत्ति मद में कोशी कॉलेज खगड़िया को इस कार्यालय द्वारा भुगतान राशि एवं कॉलेज द्वारा छात्रों को छायवृत्ति वितरण से संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र की जाँच में पाया गया कि कॉलेज को उपलब्ध करायी गई राशियों का शत् प्रतिशत् वितरण नही किया गया था। इसका कारण प्रतिवर्ष कुछ छात्रों के सत्र समाप्ति के पश्चात् पढ़ाई सम्पन्न कर कॉलेज छोड़ देने से अनुपलब्धता बतायी गई। फलतः इस कार्यालय द्वारा कॉलेज को उपलब्ध करायी गई राशियों में से आंशिक वितरण ही किया गया। कॉलेज को उपलब्ध करायी गई राशि, कॉलेज द्वारा वितरित राशि एवं अवशेष का विवरण निम्नवत् है –

| क्र0 | छात्रवृत्ति का प्रकार | चेक सं0 / दि0 | कॉलेज को उपलब्ध करायी गई राशि | कॉलेज द्वारा वितरित राशि | अनुपयुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनु0 जाति छात्रवृत्ति | 785356 / 31.3.09 | 470050.00 | 451625.00 | 18425.00 |
| 2 | '' | 785392 / 5.10.09 | 151095.00 | 136020.00 | 15075.00 |
| 3 | '' | 048927 / 18.1.11 | 806046.00 | 752026.00 | 54020.00 |
| 4 | '' | 045070 / 24.6.11 | 369796.00 | 277375.00 | 92421.00 |
| 5 | '' | 785414 / 26.11.09 | 182979.00 | 174519.00 | 8460.00 |
| 6 | '' | 785470 / 5.5.2010 | 495361.00 | 448743.00 | 46618.00 |

कुल योग– 235019.00

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि इस कार्यालय द्वारा कॉलेज को उपलब्ध करायी गई राशियों में से कुल रू0 235019.00 अनुपयुक्त रूप से कॉलेज के पास पड़ी थी, जो कॉलेज द्वारा इस कार्यालय को ही लौटायी गई थी। निर्गत अंकेक्षण आपत्ति के अनुपालन में कॉलेज को राशि वापस करने हेतु पत्राचार करने की बात कही गई किन्तु अंकेक्षण समापन तिथि तक इसकी वापसी नही की गई थी।

अतः कुल रू0 235019.00 वापस प्राप्त कर कोषागार चालान द्वारा संगत शीर्ष में जमा की जाय एवं सूचना वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को दी जाय।

(6) अनुमंडल कार्यालयों एवं प्रखंड कार्यालयों को भुगतीत राशि रू0 15627419.00 उपयोगिता प्रमाण पत्र के अभाव में आपत्तिन्तर्गत :–

अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति लेखा की जाँच में पाया गया कि प्राथमिक विद्यालय /मध्य विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण हेतु जिलान्तर्गत विभिन्न अनुमंडल कार्यालयों एवं प्रखंड कार्यालयों को इस कार्यालय द्वारा चेक के माध्यम से स्वीकृत छात्रो की सूची के साथ एक मुस्त राशि का भुगतान कर रोकड़ पुस्त में व्यय दर्शाया गया था। स्वीकृत छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालयों द्वारा किये जाने पर इस कार्यालय को उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना था। किन्तु अंकेक्षणावधि कुल भुगतित राशि रू0 15627419.00 (परिशिष्ट ''ग'' द्रष्टव्य) का उपयोगिता प्रमाण पत्र इस कार्यालय को उपलब्ध नही कराया गया था और नही जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा इस दिशा कोई पहल की गई थी। इस प्रकार उपरोक्त राशियों का अनुमंडल कार्यालयों एवं प्रखंड कार्यालयों द्वारा छात्र/छात्राओं में वितरण किया गया अथवा नही या फिर कितना किया गया और कितना नही। फिर बची राशियों कहाँ और किसके पास रही, इसका सत्यापन नही कराया जा सका। इस प्रकार राशियों का दुरूपयोग होने की संभावना से इन्कार नही किया जा सकता।

अतः उच्चाधिकारी का ध्यान उपरोक्त दिशा में आवश्यक जाँच एवं तदनुरूपेण आवश्यक कारवाई हेतु आकृष्ट किया जाता है। किये गये कार्रवाई से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार, पटना को सूचित किया जाय। तबतक उपरोक्त व्यय रू0 15627419.00 को आपत्तिन्तर्गत रखा जाता है।

(7) प्रवेशिकोत्तर तकनीकि एवं प्रावैधिकी छात्रवृत्ति वितरण का उपयोगिता प्रमाण पत्र के अभाव में रू0 1642105.00 आपत्तिन्गर्त्त :–

प्रवेशिकोत्तर तकनीकि एवं प्रावैधिकी छात्रवृत्ति संबंधी प्रस्तुत अभिश्रवों एवं संगत अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि इस कार्यालय द्वारा भिन्न–भिन्न संस्थानों के छात्र/छात्राओं को स्वीकृत अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति की राशि चेक के द्वारा संबंधित संस्थानों के प्रधान को भेजी गई थी। इन संस्थानों के प्रधान द्वारा छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान के पश्चात् उपयोगिता प्रमाण पत्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया अथवा नही अंकेक्षण में प्रस्तुत नही कराया जा सका। उल्लेखनीय है कि सत्रावधि समापन के पश्चात् बहुत से छात्र संस्थान छोड़कर चले जाते है एवं ऐसी स्थिति में शत्– प्रतिशत् छात्रों को भुगतान होना संभव नही रह जाता है। जैसा कि मुख्य प्रतिवेदन की कंडिका–5 से स्पष्ट है। अतः कुल रू0 1642105.00 (परिशिष्ट 'घ' द्रष्टव्य) के

व्यय से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र के अभाव में यह सुनिश्चित नही किया जा सका कि वास्तव में ये राशियाँ छात्र/छात्राओं को भुगतान कर दी गई है।

पुनः यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि छात्रवृत्ति स्वीकृत करने में नियमों एवं विभागीय निदेशों का पालन भी नही किया गया था। बिहार सरकार कल्याण विभाग का आवश्यक सूचनानुसार प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु सरकारी संस्थान एवं सरकार द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के छात्र/छात्राओं को ही छात्रवृत्ति भुगतान किया जाना था। किन्तु परिशिष्ट को देखने से स्पष्ट होगा कि सरकारी संस्थानो के छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृत न कर प्रायः सभी गैर सरकारी संस्थान (राज्य के बाहर के संस्थान) के छात्र/छात्राओं को ही छात्रवृत्ति स्वीकृत करने में अभिरूचि दिखायी गई थी। इन संस्थानो को सरकार द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त थी अथवा नही इस कार्यालय में अनुपलब्ध बतायी गई। ऐसी स्थिति में नियमतः छात्र/छात्राओ द्वारा प्राप्त आवेदन के साथ संस्थानों के मान्यता प्राप्ति का प्रमाण प्रस्तुत किये जाने पर ही छात्रवृत्ति स्वीकृत किया जाना चाहिए था, किन्तु ऐसा कुछ भी नही पाया गया।

उच्चाधिकारी का ध्यान उपरोक्त दिशा में आवश्यक कार्रवाई हेतु आकृष्ट किया जाता है, तब तक कुल व्यय रू0 1642105.00 को आपत्ति अन्तर्गत रखा जाता है।

# <u>भाग– 3</u>

**<u>(8) रोकड़ पुस्त एवं अभिलेखों का संधारण सही ढंग से नही किया जाना :–</u>**

अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति के आय–व्यय लेखा हेतु एक प्रथम सहायक रोकड़ पुस्त एवं चेक निर्गत पंजी के साथ बैंक लेखा पृथक होना चाहिए, ताकि रोकड़ का सही नियंत्रण किया जा सके, किन्तु ऐसा कुछ भी नही पाया गया बल्कि सभी प्रकार की छात्रवृत्ति एवं अन्य कई मदों से संबंधित एक मात्र रोकड़ पंजी का संधारण किया गया था, जिसमें प्रतिदिन मदवार एवं बैंकवार विवरण भी रोकड़ पुस्त पर अंकित नही की जाती थी। फलतः इस मद में रोकड़ के अवशेष एवं इस मद की बैंक लेखा में जमा राशि का मिलान संभव नही रह गया था।

पुनः छात्रवृत्ति भुगतान संबंधी अभिश्रवों की संचिका में अभिश्रव के साथ छात्रों का आवेदन संबंधी सभी कागजात एवं स्वीकृत सूची आदि संलग्न नही कर यत्र–तत्र जहाँ–तहाँ अव्यवस्थित रूप से रख दिया गया था, जिससे प्रत्येक भुगतान की वैधानिकता की जाँच अत्यन्त दुष्कर हो गया था।

भविष्य में लेखा का सही संधारण एवं उचित रखरखाव कर लेखा को सुगम एवं पारदर्शी रखने का सुझाव दिया जाता है।

**लेखा नियंत्रक**
**वित्त(अंकेक्षण)विभाग,बिहार पटना**

**<u>मिलान एवं शुद्धिकर्त्ता का नाम</u>**

(1) श्रीमती मंजू कुमारी वरीय अंकेक्षक –2

(2)

*“ NISHU”*

**परिशिष्ट ''क'' अंकेक्षण प्रतिवेदन की कंडिका 1'ट' से संबंधित**

**अंकेक्षण में प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–**

**(क) प्रस्तुत अभिलेख :–**

1. रोकड़ पंजी
2. विपत्र पंजी
3. आवंटन एवं व्यय पंजी
4. तकनीकि एवं प्रावैधिकी छात्रवृत्ति भुगतान संबंधी अभिश्रवों की संचिका
5. कोशी कॉलेज खगड़िया को अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति मद में भुगतान एवं कॉलेज द्वारा प्रेषित उपयोगिता प्रमाण पत्र

**(ख) अप्रस्तुत अभिलेख :–**

1. विभिन्न अनुमंडलों एवं प्रखंड कार्यालय द्वारा प्रेषित उपयोगिता प्रमाण पत्र।
2. डिग्री कॉलेजों को भुगतित छायवृत्ति का उपयोगिता प्रमाण पत्र।

**परिशिष्ट 'ख' अंकेक्षण प्रतिवेदन की कंडिका–3 से संबंधित**

**आवंटन एवं व्यय विवरणी अनुसूचित जाति छायवृत्ति वर्ष 2008–09**

| क्र0 | शीर्ष का नाम | मद का नाम | प्राप्त आवंटन | व्यय | अधिक व्यय | कम व्यय | प्रत्यावर्त्तित राशि | प्रत्यावर्त्तन का पत्रांक / दि0 | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2225 कल्याण | अनु0 जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति | 1250000.00 | 1247410.00 | – | 2590.00 | 2590.00 | पत्रांक 90 दि0 31.3.09 | |
| 2 | '' | अनु0 जाति प्रावैधिकी छात्रवृत्ति | 200000.00 | 85500.00 | – | 114500.00 | 114500.00 | '' | |
| 3 | '' | अनु0 जाति उच्च विद्यालय छात्रवृत्ति (277 शिक्षा) | 600000.00 | 599610.00 | – | 390.00 | 390.00 | '' | |
| 4 | '' | अनु0 जाति प्रा0 / मध्य विद्यालय (277 शिक्षा) | 900000.00 | 900000.00 | – | – | – | – | |
| 5 | '' | मुशहर छात्रवृत्ति (277 शिक्षा) | 112000.00 | 111687.00 | – | 313.00 | 313.00 | '' | |
| 6 | '' | उ0 वि0 छात्रवृत्ति (197 | 2300000.00 | 2124754.00 | – | 175246.00 | 175246.00 | '' | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ब्लॉक पंचायत) | | | | | | | |
| 7 | '' | प्रा0 / म0 वि0 छात्रवृत्ति 198 ग्राम पंचायत | 6800000.00 | 6041186.00 | — | 758814.00 | 758814.00 | '' | |
| 8 | '' | मुशहर (छात्रवृत्ति) 198 ग्राम पंचायत | 310,000.00 | 2,85,489.00 | — | 24511.00 | 24511.00 | '' | |
| 9 | '' | तदैव (197 ब्लॉक सं0) | 68000.00 | 43339.00 | — | 24661.00 | 24661.00 | '' | |
| 10 | '' | अस्वच्छकार्य छात्रवृत्ति 197 ब्लॉक पंचायत | 14000.00 | 9403.00 | — | 4597.00 | 4597.00 | '' | |
| 11 | '' | अस्वच्छ कार्य छात्रवृत्ति 198 ग्राम पंचायत | 35000.00 | 28967.00 | — | 6033.00 | 6033.00 | '' | |
| 12 | '' | अस्वच्छ कार्य छात्रवृत्ति 277 शिक्षा | 35000.00 | 34800.00 | — | 200.00 | 200.00 | '' | |
| 13 | '' | अनु0 जाति क्रीड़ा छात्रवृत्ति | 2000.00 | 1000.00 | — | 1000.00 | 1000.00 | '' | |

## परिशिष्ट "ख" अंकेक्षण प्रतिवेदन की कंडिका –3 से संबंधित

## आवंटन एवं व्यय विवरणी अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति वर्ष 2009–10

| क्र0 | शीर्ष का नाम | मद का नाम | आवंटन | व्यय | अधिक व्यय | कम व्यय | प्रत्यार्पित राशि | प्रत्यार्पण का पत्रांक/दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शीर्ष 2225 कल्याण | अनुसूचित जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति | 1700000.00 | 1698020.00 | — | 1980.00 | 1980.00 | — | प्रत्यार्पण संबंधी पत्र अप्रस्तुत रहा। |
| 2 | '' | अनु0 जाति प्रावैधिकी छात्रवृत्ति | 200000.00 | 199200.00 | — | 800.00 | 800.00 | — | '' |
| 3 | '' | अनु0 जाति प्रावैधिक क्रीड़ा छात्रवृत्ति | 7000.00 | 6400.00 | — | 600.00 | 600.00 | — | '' |
| 4 | '' | अनु0 जाति प्रा0/म0 वि0/उ0 वि0 छात्रवृत्ति (277 शिक्षा) | 1900000.00 | 1899654.00 | — | 346.00 | 346.00 | — | '' |
| 5 | '' | मुशहर छात्रवृत्ति (277 शिक्षा) | 133000.00 | 132840.00 | — | 160.00 | 160.00 | — | '' |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | ʼʼ | उ0 वि0 छात्रवृत्ति (197 ब्लॉक पंचायत) | 2700000.00 | 2287280.00 | — | 412720.00 | 412720.00 | — | ʼʼ |
| 7 | ʼʼ | प्रा0 वि0/म0 वि0 छात्रवृत्ति 198 ग्राम पंचायत | 7800000.00 | 6592995.00 | — | 1207005.00 | 1207005.00 | — | ʼʼ |
| 8 | ʼʼ | मुशहर (छात्रवृत्ति) 198 ग्राम पंचायत | 435000.00 | 362335.00 | — | 72665.00 | 72665.00 | — | ʼʼ |
| 9 | ʼʼ | अस्वच्छ छात्रवृत्ति 197 ब्लॉक पंचायत | 28000.00 | 2451.00 | — | 25549.00 | 25549.00 | — | ʼʼ |
| 10 | ʼʼ | अस्वच्छ छात्रवृत्ति 198 ग्राम पंचायत | 136000.00 | 99472.00 | — | 36528.00 | 36528.00 | — | ʼʼ |
| 11 | ʼʼ | अस्वच्छ छात्रवृत्ति 277 शिक्षा | 35000.00 | 34920.00 | — | 80.00 | 80.00 | — | ʼʼ |

## परिशिष्ट "ख" अंकेक्षण प्रतिवेदन की कंडिका –3 से संबंधित

## आवंटन एवं व्यय विवरणी अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति वर्ष 2010–11

| क्र0 | शीर्ष का नाम | मद का नाम | आवंटन | व्यय | अधिक व्यय | कम व्यय | प्रत्यार्पित राशि | प्रत्यार्पण का पत्रांक / दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शीर्ष 2225 कल्याण | अनुसूचित जाति प्रावैधिकी छात्रवृत्ति (योजना) | 200000.00 | 199500.00 | — | 500.00 | 500.00 | 376 / 31.3.11 | |
| 2 | " | अनु0 जाति प्रा0 / म0 / उ0 वि0 छात्रवृत्ति (197 ब्लॉक पंचायत) | 3391000.00 | 3389825.00 | — | 1175.00 | 1175.00 | " | |
| 3 | " | अनु0 जाति प्रा0 / म0 / उ0 वि0 छात्रवृत्ति (198 ग्राम पंचायत) | 7359000.00 | 7358920.00 | — | 80.00 | 80.00 | " | |
| 4 | " | अनु0 जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति | 700000.00 | 700000.00 | — | — | — | " | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | ʻʻ | अनु0 जाति प्रा0 / म0 / उ0 वि0 छात्रवृत्ति (277 शिक्षा) | 1635000.00 | 1634750.00 | — | 250.00 | 250.00 | ʻʻ | |
| 6 | ʻʻ | मुशहर (छात्रवृत्ति) 198 ग्राम पंचायत | 400000.00 | 399900.00 | — | 100.00 | 100.00 | ʻʻ | |
| 7 | ʻʻ | मुसहर छात्रवृत्ति (277 शिक्षा) | 133000.00 | — | — | 133000.00 | 133000.00 | ʻʻ | |
| 8 | ʻʻ | अनु0 जाति खेलकूद छात्रवृत्ति | 33000.00 | 32500.00 | — | 500.00 | 500.00 | ʻʻ | |
| 9 | ʻʻ | वैधिक सहायता (गैर योजना) | 1000.00 | 1000.00 | — | — | — | ʻʻ | |
| 10 | ʻʻ | अस्वच्छ कार्य छात्रवृत्ति (197 ब्लॉक पंचायत ) | 14000.00 | 14000.00 | — | — | — | ʻʻ | |
| 11 | ʻʻ | अस्वच्छ कार्य छात्रवृत्ति (198 ग्राम | 35000.00 | 35000.00 | — | — | — | ʻʻ | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पंचायत) | | | | | | | |
| 12 | '' | अस्वच्छ कार्य छात्रवृत्ति (277 शिक्षा) | 35000.00 | — | — | 35000.00 | 35000.00 | '' | |
| 13 | '' | अनु0 जाति प्रेवेशिकोत्तर (गैर योजना) | 500000.00 | 498960.00 | — | 1040.00 | 1040.00 | '' | |
| 14 | '' | मुसहर छात्रवृत्ति 198 ग्रा0 पं0 (गैर योजना) | 136000.00 | 135720.00 | — | 280.00 | 280.00 | '' | |
| 15 | '' | मुसहर छात्रवृत्ति (197 ब्लॉक पं0 गैर योजना) | 14000.00 | 13950.00 | — | 50.00 | 50.00 | '' | |
| 16 | '' | मुसहर छात्रवृत्ति (277 शिक्षा) | 35000.00 | — | — | 35000.00 | 35000.00 | '' | |
| 17 | '' | अनु0 जाति प्रवेशिकोत्तर छत्रवृत्ति (केन्द्र योजना) | 2000000.00 | 19,94,400.00 | — | 5600.00 | 3600.00<br>2000.00 | 376/31.3.11<br>380/31.3.11 | |

**परिशिष्ट "ग" अंकेक्षण प्रतिवेदन की कंडिका –6 से संबंधित**

**विभिन्न कार्यालयों को प्रेषित अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति राशि की विवरणी जिसका उपयोगिता प्रमाण पत्र अप्रस्तुत रहा। वर्ष (08–09) से वर्ष (10–11)**

| क्र0 | कार्यालय का नाम | निर्गत चेक सं0 | रोकड़ वही में व्यय की तिथि | प्रेषित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुमंडल पदा0 खगड़िया | 785326 | 14.10.08 | 399740.00 | |
| 2 | अनुमंडल पदा0 गोगरी | 785327 | 14.10.08 | 199870.00 | |
| 3 | प्र0 वि0 पदा0 खगड़िया | 785328 | 14.10.08 | 567391.00 | |
| 4 | प्र0 वि0 पदा0 गोगरी | 785329 | 14.10.08 | 332609.00 | |
| 5 | प्र0 वि0 पदा0 खगड़िया | 785407 | 20.11.09 | 598804.00 | |
| 6 | प्र0 वि0 पदा0 गोगरी | 785408 | 20.11.09 | 351023.00 | |
| 7 | अनुमंडल पदा0 खगड़िया | 785409 | 20.11.09 | 633218.00 | |
| 8 | अनुमंडल पदा0 गोगरी | 785410 | 20.11.09 | 316609.00 | |
| 9 | प्र0 वि0 पदा0 खगड़िया | 785561 | 13.7.10 | 2166960.00 | |
| 10 | प्र0 वि0 पदा0 अलौली | 785562 | 13.7.10 | 1387585.00 | |
| 11 | प्र0 वि0 पदा0 मानसी | 785563 | 13.7.10 | 835420.00 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | प्र0 वि0 पदा0 चौथम | 785564 | 13.7.10 | 1095467.00 | |
| 13 | प्र0 वि0 पदा0 गोगरी | 785565 | 13.7.10 | 948053.00 | |
| 14 | प्र0 वि0 पदा0 परवत्ता | 785566 | 13.7.10 | 545040.00 | |
| 15 | प्र0 वि0 पदा0 खगड़िया | 785572 | 13.7.10 | 117000.00 | |
| 16 | प्र0 वि0 पदा0 गोगरी | 785573 | 13.7.10 | 149940.00 | |
| 17 | अनुमंडल पदा0 खगड़िया | 785574 | 13.7.10 | 174900.00 | |
| 18 | अनुमंडल पदा0 गोगरी | 785575 | 13.7.10 | 82910.00 | |
| 19 | प्र0 वि0 पिछा0 खगड़िया | 785576 | 13.7.10 | 297360.00 | |
| 20 | प्र0 वि0 पिछा0 गोगरी | 785577 | 13.7.10 | 1,74,600.00 | |
| 21 | अनुमंडल पदा0 खगड़िया | 785578 | 13.7.10 | 188760.00 | |
| 22 | अनुमंडल पदा0 गोगरी | 785579 | 13.7.10 | 95040.00 | |
| 23 | प्र0 वि0 पदा0 खगड़िया | 045014 | 5.3.11 | 462800.00 | |
| 24 | प्र0 वि0 पदा0 अलौली | 045015 | 5.3.11 | 618560.00 | |
| 25 | प्र0 वि0 पदा0 मानसी | 045016 | 5.3.11 | 150000.00 | |
| 26 | प्र0 वि0 पदा0 चौथम | 045017 | 5.3.11 | 699760.00 | |
| 27 | प्र0 वि0 पदा0 गोगरी | 045018 | 5.3.11 | 208000.00 | |
| 28 | प्र0 वि0 पदा0 परवता | 045019 | 5.3.11 | 120000.00 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | प्र0 वि0 पदा0 बेलदौर | 045020 | 5.3.11 | 600000.00 | |
| 30 | प्र0 वि0 पदा0 खगड़िया | 045021 | 5.3.11 | 399600.00 | |
| 31 | प्र0 वि0 पदा0 गोगरी | 045022 | 5.3.11 | 266400.00 | |
| 32 | अनुमंडल पदा0 खगड़िया | 045023 | 5.3.11 | 300000.00 | |
| 33 | अनुमंडल पद0 खगड़िया | 045024 | 5.3.11 | 144000.00 | |
| | | | योग— | 15627419.00 | |

**परिशिष्ट 'घ' कंडिका –7 से संबंधित**

**अनुसूचित जाति (वर्ष 2010–11)**

| क्र0 | संस्थान का नाम | छात्र/छात्राओं का नाम | भुगतित राशि | कार्या0 का पत्रांक/दि0 | निर्गत चेक सं0/दि0 | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीन, शैक्षनिक एवं अनुसंधान संस्थान, चेन्नई | अभिषेक कुमार | 48960.00 | 43/19.1.11 | 048932/18.1.11 | |
| 2 | डीन, इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स, धनबाद | अश्विनी कुमार | 16032.00 | 45/19.1.11 | 048934/18.1.11 | |
| 3 | डीन, एन0 आई0 टी0 अगरतला | निरंजन कुमार | 27090.00 | 48/19.1.11 | 048937/18.1.11 | |
| 4 | डीन, एन0 आई0 टी0 सिलचर | संतोष कुमार | 43980.00 | 54/19.1.11 | 048943/18.1.11 | |
| 5 | डायरेक्टर, बी0 आई0 टी0, अमरूद बागान रॉची | प्रशांत कुमार | 20460.00 | 42/19.1.11 | 048931/18.1.11 | |
| 6 | डायेक्टर, कृषि विजनेश प्रबंधन संस्थान , बीचवाल, बीकानेर | सुभाष कुमार | 69120.00 | 55/19.1.11 | 048944/18.1.11 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | प्राचार्य एन0 आई0 अी0, कुरूक्षेत्र हरियाणा | दीपक कुमार चौधरी | 63880.00 | 44 / 19.1.11 | 048933 / 18.1.11 | |
| 8 | प्राचार्य बलियापुर इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलोजी, सिंदरी | मुकेश कुमार | 21480.00 | 49 / 19.1.11 | 048938 / 18.1.11 | |
| 9 | प्राचार्य महाराजा तकनीकी संस्थान, तारावाई उड़िसा | अभिषेक कुमार | 43960.00 | 52 / 19.1.11 | 048941 / 18.1.11 | |
| 10 | सुरिया वर्ल्ड इन्स्टीच्यूशन ऑफ एकेडेमिक्स एक्सैलेन्स पटियाला चंडिगढ़ | प्रीतम कुमार | 34395.00 | 46 / 19.1.11 | 048935 / 18.1.11 | |
| 11 | कलशलिंगम विश्व विद्यायय , आनंदनगर, कृषणन क्वाल तिमलनाडु | धीरेन्द्र | 74980.00 | 47 / 19.1.11 | 048936 / 18.1.11 | |
| 12 | श्री फैयाज हुसैन पी0 जी0 कॉलेज, निघौली कलान, उ0 प्र0 | धनंजय कुमार | 49610.00 | 50 / 19.1.11 | 048939 / 18.1.11 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | डिपुटी सेन्ट्राल डायरेक्टर प्लास्टिक ईजी0 एवं तकनीकी, हल्दिया | उपलक्ष कुमार | 18650.00 | 51 / 19.1.11 | 048940 / 18.1.11 | |
| 14 | डिपुरी डायरेक्टर, मिलेनियम तकनीकी संस्थान, नाथु बारखेड़ा (भोपाल) | संजीव कुमार | 54140.00 | 53 / 19.1.11 | 048942 / 18.1.11 | |
| 15 | उप सचिव (A Registrar) एन0 आई0 टी0, राउरकेला, उड़ीसा | प्रभाकर कुमार पासवान | 73880.00 | 57 / 19.1.11 | 048946 / 18.1.11 | |
| 16 | असिस्टैण्ड प्रोक्टर एन0 अई0 टी0 जमशेदपुर, झारखंड | नीतीश कुमार | 29815.00 | 56 / 19.1.11 | 048945 / 18.1.11 | |
| 17 | इंटर कॉलेज पिपरा, नौरंगा | सीता कुमारी एवं अन्य 06 | 11760.00 | 22 / 31.3.09 | 785362 / 31.3.09 | |
| 18 | आर्य कन्या इंटर कॉलेज, खगड़िया | नीलू कुमारी | 1680.00 | 21 / 31.3.09 | 785361 / 31.3.09 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | जे0 एन0 के0 टी0 इंटर महाविद्यालय खगड़िया | नीरज कुमार पासवान एवं अन्य 02 | 4797.00 | 20 / 31.3.09 | 785360 / 31.3.09 | |
| 20 | एम0 एस0 कॉलेज सोनिहार, अलौली | मधु कुमारी एवं अन्य 96 | 209610.00 | 18 / 31.3.09 | 785358 / 31.3.09 | |
| 21 | तदैव | इन्द्रदेव पासवान एवं अन्य 29 | 62622.00 | 436 / 6.10.09 | 785393 / 5.10.09 | |
| 22 | आईकावा इंटरनेशनल एजुकेशन वन्देहरा, परवत्ता | शंभू कुमार एवं अन्य 15 | 24000.00 | 438 / 6.10.09 | 785397 / 5.10.09 | |
| 23 | जिज्ञासा कम्प्यूटर सेंटर, मानसी | रोहित कुमार एवं अन्य 29 | 45000.00 | 443 / 6.10.09 | 785400 / 5.10.09 | |
| 24 | त्रिदेव कॉमर्शियल संस्थान, खगड़िया | मृत्युजंय कुमार एवं अन्य 08 | 13500.00 | 437 / 6.10.09 | 785396 / 5.10.09 | |
| 25 | जिज्ञासा कम्प्यूटर सेंटर मानसी | नवीन दास अन्य 28 | 43500.00 | 275 / 6.5.10 | 787479 / 5.5.10 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | कोशी कम्प्यूटर सेंटर बछौता | सुशील कुमार एवं अन्य 89 | 135000.00 | 274 / 6.5.10 | 785478 / 5.5.10 | |
| 27 | एम0 एस0 कॉलेज सोनिहार अलौली | नवीन कुमार एवं अन्य 7 | 15259.00 | 267 / 6.5.10 | 785471 / 5.5.10 | |
| 28 | एम0 एस कॉलेज सोनिहार अलौली | वकील सादा एवं अन्य 30 | 50400.00 | 563 / 26.11.09 | 785415 / 26.11.09 | |
| 29 | तदैव | अमित सादा एवं अन्य 73 | 135455.00 | 563 / 26.11.09 | 785415 / 26.11.09 | |
| 30 | असिस्टेन्ट रजिस्ट्रार, एन0 आई0 टी0, राउरकेला , उड़ीसा | प्रभाकर कुमार पासवान | 51300.00 | 271 / 6.5.10 | 785475 / 5.5.10 | |
| 31 | विरला इन्स्टीच्यूट ऑफ टेकनोलोजी, मेसरा, रॉची | रोहित रंजन | 62630.00 | 273 / 6.5.10 | 785477 / 5.5.10 | |
| 32 | नेशनल डैयरी अनुसंधान संस्थान, कर्नाल, हरियाणा | शक्तिमान | 12440.00 | 270 / 6.5.10 | 785474 / 5.5.10 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | इंटर कॉलेज, पिपरा नौरंगा, चौथम, बिहार | मिथुन कुमार एवं अन्य 14 | 27880.00 | 269 / 6.5.10 | 785473 / 5.5.10 | |
| 34 | सहायक प्रोक्टर, एन0 आई0 टी0, जमशेदपुर | नीतीश कुमार | 44840.00 | 272 / 6.5.10 | 785476 / 5.5.10 | |

**कुल योग– 1642105.00**